महानिदेशक का संदेश

मैंने दिनांक 31 अगस्त, 2024 को महानिदेशक, सीआईएसएफ का पदभार ग्रहण किया है। सीआईएसएफ अपनी व्यावसायिक दक्षता, कर्तव्य के प्रति प्रतिबद्धता और जन हितैषी छवि के लिए जाना जाने वाला विशिष्ट बल है और इसका नेतृत्व करना मेरे लिए गौरवमय है। मैं सीआईएसएफ के आदर्श वाक्य - "संरक्षण एवं सुरक्षा" के प्रति स्वंय को समर्पित करता हूँ तथा बल के उन शूरवीरों को नमन करता हूँ जिन्होंने अपने कर्तव्यों के निर्वहन में सर्वोच्च बलिदान दिया है।

आज, सीआईएसएफ संसद भवन परिसर, महत्वपूर्ण राष्ट्रीय क्षेत्रों जैसे परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष संस्थानों, हवाई अड्डों, बंदरगाहों, ऐतिहासिक धरोहरों और दिल्ली मेट्रो रेल की सुरक्षा में अहम भूमिका निभा रहा है। मेरा प्रयास, संगठन की मूल क्षमताओं को मजबूती प्रदान करना तथा प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण और प्रौद्योगिकी के समावेश से नए ज्ञान और कौशल को आत्मसात कर सीआईएसएफ को भविष्य के लिए तैयार करने पर केंद्रित रहेगा। हम परिचालन में बल की प्रभावशीलता बढ़ाने की दिशा में काम करेंगे तथा उत्कृष्टता और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देंगे। समस्त बल सदस्यों का कल्याण मेरी प्राथमिकताओं का केंद्र रहेगा।

मैं बल के सभी सदस्यों और उनके परिवारजनों को शुभकामनाएँ प्रेषित करता हूँ। मुझे पूर्ण विश्वास है कि बल सदस्यों और अन्य हितधारकों के समर्थन और सहयोग से, हम सीआईएसएफ को आगे ले जाएंगे।

जय हिन्द !

(राजविंदर सिंह भट्टी)
महानिदेशक